# शिक्षा विभाग की स्थानांतरण नीति ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए बन रही अभिशाप : रावत

**बागली।** ग्रीष्म अवकाश बाद 16 जून से कागजों पर स्कूल खुलं चुके हैं। धीरे-धीरे विद्यार्थियों की उपस्थिति भी बढ़ रही है। लेकिन बागली विकासखंड के घाट नीचे आदिवासी बाहुल्य दूरस्थ क्षेत्र में स्कूल भगवान भरोसे ही चल रहे है। देश का भविष्य ऐसे स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं ।जहां स्थायी रूप से एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं हैं। क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय पोटला में लगभग 109 छात्र-छात्राएं दर्ज हैं। यहां पर मात्र एक शिक्षक पदस्थ हैं। इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक विद्यालय पुनर्वास देव झिरि में 100 विद्यार्थी दर्ज हैं । यह स्कूल शिक्षक विहीन है। इसके अलावा शा. प्रा. वि .देवझिरि में 72 छात्र -छात्रा दर्ज हैं ।यह स्कुल भी शिक्षक विहीन है। शा. प्रा .वि .कोथमीर में 58 छात्र-छात्राएं हैं, जो शिक्षक विहीन स्कुल है। शाप्रावि नरसिंहपुरा में लगभग 47 बच्चे अध्ययनरत हैं । यहां भी कोइ शिक्षक पदस्थ नहीं हैं। जिले के अंतिम छोर के गांव धाराजी शाप्रावि में 45 छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं, यहां भी शिक्षक पदस्थ नहीं हैं। इन विद्यालय में आसपास के जहां के स्कूल में दो-दो अध्यापक है वहां से एक-एक अध्यापक को भेज कर वर्तमान में व्यवस्था चल रही है। इन संबंधित गावों के बच्चों के अभिभावकों ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से इस गंभीर समस्या के निराकरण की मांग की है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर न पड़े। आदिवासी बाहुल्य प्रा वि कोथमीर का भवन नहीं, यह स्कूल निजी मकान में चल रहा : क्षेत्र में कई विद्यालयों के भवन मरम्मत की बाट जोह रहे हैं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय पोटला का भवन जर्जर है।ग्राम बिया दड़ का प्रावि भवन भी बदहाल हो रहा है।मा वि पोटला का भवन भी पुराना है। शाप्रावि कोथ मीर भवन विहीन है, स्कूल का संचालन एक मकान में हो रहा है। प्रावि धाराजी भी भवन विहीन है, यहा पर भी स्कूल एक मकान में संचालित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई शिक्षक-शिक्षिकाएं क्षेत्र में एक ही जगह पर 10 से 15 वर्ष से पदस्थ हैं, इनका स्थानांतरण नहीं होना भी चर्चाओं में है। आदिवासी नेता नंदू सिंह रावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा शिक्षकों की स्थानांतरण नीति गलत तरीके से करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया अधिकतर शिक्षक बड़े शहर और बड़े स्थान के रहने के कारण आरंभ में वह पोस्टिंग ग्रामीण क्षेत्र में करवा लेते हैं बाद में सेटिंग करके तुरंत अपने-अपने क्षेत्र में चले जाते हैं यह स्कूल फिर खाली हो जाते हैं नियम अनुसार जी शिक्षक की पोस्टिंग जिस क्षेत्र में हो वहीं पर काम से कम 10 वर्ष तक वह कार्य करें साथ में ग्रामीण शिक्षकों को विशेष आर्थिक सहायता दी जाए ताकि वह शहरी क्षेत्र से भी स्कूल तक वाहन द्वारा आना-जाना कर सके। सब कुछ ऐसा ही चला रहा तो ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल बंद होने में कोई देर नहीं लगेगी मजबूरी में पढ़ने की उम्र में छात्र-छात्राएं मजदूरी या अन्य कार्यों में लग जाएंगे जिससे शिक्षा का स्तर गिर जाएगा।



## एक नजर में

### गुनेरा गुनेरी नदी पर बने पुलों पर पानी निकासी नहीं,थोड़ी सी वर्ष में जल जमाव हो जाता है




**बागली।** लापरवाह इंजीनियरिंग के चलते चापड़ा बागली के मध्य काली सिंध नदी के सहायक नदी गुनेरी एवं गुनेरा नदी पर बने 20 फीट ऊंचे पल पर ऊपर की ओर पानी की निकासी नहीं होने से थोड़ी सी वर्ष के दौरान इस पर पानी जमा हो जाता है।जिसके कारण आने जाने वाले बड़े वाहनों से छोटा मोटरसाइकिल वाहनों पर कीचड़ पानी उछलता है। स्थानीय नागरिक भाजपा नेता राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुल बनाते समय इंजीनियरों से इसकी पानी निकासी के विषय में अवगत कराया लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया नदी में भले ही एक बूंद पानी न हो लेकिन इन फूलों के ऊपर पानी लंबे समय तक जमा रहता है। लोग बताते हैं यह आधुनिक इंजीनियरिंग का कमाल है नदी में तो पानी नहीं है। लेकिन नदी पर बने पुल के ऊपर पर्याप्त पानी भरा रहता है। पानी सूखने के बाद तरल कीचड़ जमा हो जाता है जिससे वहां फिसलने का भी डर बना रहता है।

### श्री नागेश्वर धाम एनाबाद में सवा महीने की ग्यारी का भव्य समापन, महाआरती में उमड़े हजारों श्रद्धालु



**सोनकच्छ।** श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के निमित्त पड़ियार महाराज जितेंद्रसिंह गोहिल के सान्निध्य में श्री नागेश्वर धाम, एनाबाद में आयोजित सवा महीने की ग्यारी का रविवार को हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ।समापन कार्यक्रम मे पड़ियार गोहिल द्वारा शुभारंभ की गई।ग्यारी का समापन रविवार को पुर्णाहुति,महाआरती एवं महाप्रसाद के साथ किया गया। प्रात:काल श्री नागेश्वर महादेव का विशेष अभिषेक व हवन संपन्न हुआ। पूजा में आठ जोड़े बैठे व पंडित विजेंद्र द्विवेदी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। सभी धर्मप्रेमी जनता ने श्री नागेश्वर धाम में नागेश्वर महाराज का जल से अभिषेक किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।पुर्णाहुति एवं महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। और श्री नागेश्वर सरकार का व पड़ियार गोहिल का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरित किया गया ।समापन के अवसर पर आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों धर्मप्रेमी महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित हुए।

### सुखी कालीसिंध नदी में आया पानी, नगरवासियों को बड़ी राहत



**सोनकच्छ।** नगर की जीवनदायिनी कालीसिंध नदी के ऊपरी क्षेत्र में अच्छी बारिश होने का कारण नदी में भरपूर पानी आ गया है।25 मई से जिस नदी में पानी नहीं है।एक माह बाद रविवार को उस नदी में भरपूर पानी आ गया है।विगत तीन दिनों देवास जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी बारिश देखी गई है।इसी के चलते कालीसिंध नदी के ऊपरी क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से नदी में पानी आया है।नदी में पानी आने से नगरवासियों ने राहत की सांस ली है। हालांकि ऊपरी क्षेत्र से आए पानी को उबालकर की पीने योग्य बनाया जा सकता है इसलिए पानी को उबालकर ही पिए ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी से दूर रहे।जारी मानसून सत्र में सोनकच्छ में अब तक 7.12 इंच वर्षा दर्ज की गई।इसमें प्री मानसून की गतिविधि भी शामिल है।

## जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का किया शुभारम्भ

**देवास।** 28 जून 2026/देवास जिले में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। जिला चिकित्सालय देवास में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला देवी अटारिया, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने बच्चों को पोलियो की दवाई पिला कर अभियान का शुभारंभ किया।

इसी प्रकार विकासखण्ड सोनकच्छ में विधायक डॉ.राजेश सोनकर,विकासखण्ड बागली में विधायक मुरली भंवरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अभियान का शुभारंभ किया।जिला चिकित्सालय देवास में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया द्वारा अपनी पौत्री काश्वी अटारिया उम्र 1 माह 4 दिन को स्वयं जिला चिकित्सालय के बूथ पर



लाकर दो बूंद जिंदगी की अपने हांथों से पिलाई गई और पोलियो की बीमारी से सुरक्षित किया गया।लीला अटारिया ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित ना रह जाये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में आमजन भी सक्रिय रूप से सहयोग करें। अभिभावक स्वयं ही स्वेच्छा से बूथ पर अपने बच्चों को लेकर आएं और शासन के इस महा अभियान में सहयोग करें। लीला अटरिया ने संदेश दिया कि हमारा संकल्प है कि एक भी बच्चा छूटने ना पाए क्योंकि दो बूंद जिंदगी की बहुत जरुरी है। महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि पोलियो की बीमारी से कोई भी बच्चा ग्रसित न हो इसके लिए हम सबको एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।भारत देश पूर्ण रूप से पोलियो मुक्त है पर सावधानी के तौर पर चलाया जा रहा यह अभियान सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है और हम सबको इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता में सहयोग देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय अभियान में शतप्रतिशत बच्चों को पोलियो की दो बून्द दवा अवश्य पिलवाएं ।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत प्रथम दिन 01 लाख 22 हजार 926 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई दूसरे एवं तीसरे दिन दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम राबड़िया में सुनी पीएम मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात

**भौरासा। रविवार को टोंक खुर्द तहसील के ग्राम राबड़िया में बूथ क्रमांक 73 भंवरनाथ मंडल उपाध्यक्ष डॉ. राममूर्ति पटेल के निवास पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल समेत तमाम नेताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात को सुना।**

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल ने कहा कि वास्तव में यह प्रधानमंत्री मोदी का संवाद सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की धड़कन है, जो नए भारत की आकांक्षाओं के संकल्पों को स्वर देता है।आज की 'मन की बात सुनकर फिर यह विश्वास और भी प्रबल हुआ है कि हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। पीएम के मन की बात सुनने के बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष सिंधल और कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण करने का संकल्प लिया और पौधारोपण किया।

इस अवसर पर नितेश पटेल(भाजयुमो महामंत्री)डॉ राममूर्ति पटेल मंडल उपाध्यक्ष,पप्पू भजन गायक ,संतोष चौधरी,हिम्मत सिंह चावड़ा,राहुल परमार,कमल बाबा,गुरुचरण चौकीदार,नितिन पटेल,राजेश सोलंकी सहित बड़ी संख्या भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्णिमा के एक दिन पहले सारडा परिवार द्वारा मुक्तिधाम पर दिया सार्थक दान

**बागली।** बागली विकासखंड अंतर्गत उदय नगर तेहसील मुख्यालय क्षेत्र से दो विधायक चुनाव जीतकर विधानसभा भोपाल पहुंचे लेकिन दोनों के कार्यकाल पूर्ण होने के बावजूद भी मूलभूत सुविधाएं अधूरी रह गई। उदय नगर मुक्तिधाम विकास के लिए कोई जन प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे पाए हालत यह है। कि अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले लोग धूप एवं बारिश में खुले में खड़े रहते हैं।यहां पर टीन सेड नहीं होने के चलते अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले नागरिकों को आ रही परेशानी को देखते हुए उदय नगर के ही कपड़ा व्यवसाय नरेंद्र सारंडा एवं उनकी पत्नी मंजू लता सारंडा आगे आए और उनके द्वारा उनके पिता स्वर्गीय सत्य नारायण सारडा की स्मृति में पूर्ण लागत के साथ 15 बाय 45 का टीन सेड एवं ओटला बनाने के लिए राशि दान की जो लगभग ढाई लाख रुपए हे।



ज्येष्ठ पूर्णिमा के 1 दिन पहले रविवार 28 जुन को उदय नगर के सरपंच विजेंद्र दांगी सामाजिक कार्यकर्ता पवन प्रजापति पप्पू माहेश्वरी नितिन सोनी बबलू यादव आनंद जैन आशु जैन की उपस्थिति में मुक्तिधाम स्थल पर निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए यह कार्य आरंभ करवाया इसी परिवार द्वारा विगत वर्ष ब्राह्मण परिवार की कन्या का विवाह खर्च देते हुए कन्यादान किया नगर में ही गणेश मंदिर का निर्माण करवाया विगत वर्ष पिपरी स्थित नर्मदा मंदिर पर भागवत कथा का आयोजन करवाया। उ सामाजिक कार्यकर्ता गिरधर गुप्ता मुरली अग्रवाल सतीश मेहता अजय शर्मा सचिन माहेश्वरी गोपाल सोनी बाबू पठान मुस्ताक खत्री आदि ने बताया कि सारंडा परिवार द्वारा सामाजिक व्यवस्थाओं के लिए अपनी ओर से दिए गए दान का कार्य प्रशंसनीय है।

## सिविल अस्पताल कन्नौद में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर पंचायत उपाध्यक्ष संदीप धूत एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश जोशी के द्वारा सरस्वती जी की चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।शुभारंभ के अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा नवजात शिशु को पोलियो की दवा भी पिलाई गई ।इस अवसर पर बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान 28 जून से 30 जून तक संचालित किया जावेगा जिसमें विकासखंड कन्नौद के अंतर्गत जन्म से 5 वर्ष तक के लगभग 29000 बच्चों को पोलियो की एक अतिरिक्त खुराक पिलाई जावेगी ।अभियान के अंतर्गत चिन्हित जन्म से 5 वर्ष तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु विकासखंड में 258 बूथ बनाए गए हैं। पहले दिन स्वास्थ्य



कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बूथ पर तथा दूसरे व तीसरे दिन शेष रहे बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं,आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पिलाई जावेगी ।बस स्टैंड पर ट्रांजिट टीम लगाई तथा खेतों में निवास रत, गिट्टी मशीन पर कार्यरत परिवारों के बच्चों को दवा पिलाने हेतु मोबाइल टीम लगाई गई है। नोडल अधिकारी व जिला मलेरिया अधिकारी दौलत पटेल के द्वारा कन्नौद फोकल प्वाइंट का निरीक्षण कर नवजात शिशु को दवा पिलाई गई । पोलियो बूथ पर भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, पूर्व पार्षद विनोद मालवीय ,आदि कार्यकर्ताओं व सिविल अस्पताल कन्नौद से मलेरिया इंस्पेक्टर देवड़ा, बीईई दिनेश साहू ,बीपीएम प्रदीप पवार,बीसीएम विनोद भावर, नर्सिंग ऑफिसर नवनिधि मेहरा, शोभा कुकड़े आदि स्टाफ उपस्थित था ।

## इन्दौर हरदा मार्ग पर नर्मदा कॉलोनी की पुलिया बनेगी हादसे का कारण

**कन्नौद।** कन्नौद शहर मे इन्दौर हरदा मार्ग पर नर्मदा कालोनी मे नाले के उपर पुलिया नही बनाते हुए सीधी सडक बना दी गयी है जिसका असर यह होगा कि अब नया रोड बनने के बाद यहां यातायात का दबाब ज्यादा बढ गया है और वाहन भी तेज गति से चलते है जबकि इस नाले के खुले होने के कारण तथा सडक पर कोई रेलिंग नहीं होने के कारण रात के अंधेरे मे कोई भी वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो सकता है वाहन सडक से सीधे नाले मे गिर सकते है वही अब तक इस नाले के पास स्थित बिजली की डीपी भी सडक के पास है यदि वाहन दुर्घटना ग्रस्त होता है तो करंट लगने का भी डर है द्य अत: इस सडक पर नाले के पास संकेतक



लगाने के साथ रेलिंग भी लगाना जरूरी है। बारिश का मौसम तथा अंधेरे को देखते हुए प्रशासन को इस समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि दुर्घटनाए नही हो।

## समाजसेवी मन्नूलाल गर्ग की अंतिम यात्रा में हजारों लोग हुए शामिल

- श्रद्धा सुमन बरसा कर श्रद्धांजलि दी
- उठावना- आज शाम 4 .30 बजे कैला देवी मंदिर परिसर में

**देवास।** अध्यात्म प्रणेता के रूप राष्ट्रीय स्तर पर संत समाज में ख्याती अर्जित करने वाले , कालोनियों के माध्यम देवास नगर की बसाहट को व्यापक रूप देने वाले ,मां कैला देवी मंदिर शक्ति पीठ के स्थापक, धार्मिक एवं समाज सेवा के लोकप्रिय व्यक्तित्व ,समाजवादी राजनेता राममनोहर लोहिया के निकटतम रहे सेठ मन्नूलाल गर्ग ने 27 जून को प्रदोष काल में अपनी अंतिम सास ली ।शून्य से शिखर तक के सफर मे 83 वर्ष की उम्र तक अनेक संघर्षों को चुनौती



देकर धर्म के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करते रहे। 28 जून को स्वनिवास देवीवास मिश्रीलाल नगर से निकली उनकी शव यात्रा में हजारों लोग एवं परिजन सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं सामाजिक संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। हर चौराहे पर अनेक संगठनों ने पुष्पों की वर्षा कर श्रद्धा सुमन चढ़ाए।नयापुरा स्थित पुस्तैनी मकान पर विश्रांति के पश्चात मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार वैदिक पूजन एवं गीता पाठ के साथ किया ।उनके पुत्र दीपक गर्ग एवं पोते जयेश एवं हितेश गर्ग ने मुखाग्नि देकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कैला देवी मंदिर उत्सव समिति के संयोजक, भाजपा के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि एवं मंदिर समिति अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा नेता राजेश यादव,अग्रवाल समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल, अंतर्राष्ट्रीय वेश्य समाज अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास, पूर्व महापौर शरद पाचुनकर,अभिभाषक संघ के सचिव चंद्रपाल सिंह सोलंकी, वरिष्ठ नागरिक संस्था के गंगासिंह सोलंकी, समाज सेवी राधेश्याम सोनी ,प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा, पत्रकार अनिलराजसिंह सिकरवार, पावेल राजानी, संघ प्रचार वाहक अजय गुप्ता,प्रापर्टी ब्रोकर संघ की ओर से डी के जोशी, चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया ,शिक्षाविद महेश सोनी, भजन गायक बाबूलाल राजोरिया, संजय कुमार जैन लक्खा, देवेंद्र पंडित, राजेश पटेल, लायन्स क्लब अध्यक्ष अनिल नागर, रमेश महाजन ,भूपेंद्रसिंह बेस, सुरेश अग्रवाल नंदुरवार सहित अनेक समाज जन ने शोक सभा में श्रद्धांजलि दी ।

**एक नजर** देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं खेल युवक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगिताएं संपन्न

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया

**देवास।** देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के अंतर्गत क्रॉस कंट्री दौड़ एवं लॉन्ग जंप एवं गोला फेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम पर आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रायसिंह सेंधव भाजपा जिला अध्यक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज राजानी, विशेष अतिथि पार्षद अजब सिंह जगताप, विकास गिरी, शंकर लाल शर्मा एवं प्रेमनाथ तिवारी रहे। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत



अनिल श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, भरत वर्मा, योगेश द्विवेदी, अरुण कुशवंशी, पवन यादव, निरंजन यादव, शैलेंद्र चंद्रवंशी, पावन पाटिल, धर्मेंद्र भदोरिया, सनी अकादमी के सनी बलराज तिवारी, शिवनारायण टांडी, प्रेम श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, मीना मैडम, खेल विभाग से जावेद पठान, क्रॉस कंट्री दौड़ को अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट के साथ नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। विजेता खिलाड़ी में सीनियर क्रॉस कंट्री दौड में राजू यादव प्रथम, रेगम निमामा द्वितीय एवं चिराग गुर्जर तृतीया स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में तनु गावठिया प्रथम मुस्कान राजपूत द्वितीय एवं अन्नू पटेल तृतीय स्थान पर रहे वहीं जूनियर बालक वर्ग में विशाल कमकर प्रथम, यश मालवीय द्वितीय, दक्ष चक्रवर्ती तृतीय। बालिका वर्ग में खुशबू देवर प्रथम, कोमल राजपूत द्वितीय, गुंजन बालसे तृतीय स्थान पर रही। जूनियर में गुंजन यादव प्रथम, हरिद्वार कर द्वितीय, दीपाली राठौर तृतीय स्थान पर रहे। शॉट पूट में तनिष्क चौहान प्रथम, नवीन द्वितीय, अभिषेक आर्य तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में आरती कुशवाह प्रथम, देवी द्वितीय, प्रियांशी चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। प्रोत्साहन पुरस्कार बालक वर्ग में मनन श्रीवास्तव एवं बालिका वर्ग में प्रिया चौधरी, डाली दुबे, हर्षिता राठौर को दिया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रगति एथलेटिक्स क्लब पूरे वर्ष की किसी न किसी प्रकार से खिलाड़ियों को मोटिवेशन देने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करता रहता है यह देवास शहर के लिए गौरव की बात है। छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे ग्राउंड पर आकर अपना पसीना बहाते हैं और अनुशासन सीखते हैं ।ऐसे क्लब की उपलब्धि पर हम देवास वासियो को गर्व है। कार्यक्रम का संचालन भरत वर्मा ने किया एवं आभार अनिल श्रीवास्तव ने माना।